# सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी

पत्रांक : कु०स० 1657/2025 दिनांक : 03 जून, 2025

## कार्यालय-ज्ञाप

NAAC Peer Team के जून (16 से 20) में आगमन के दृष्टिगत दिनांक 05 एवं 06 जून, 2025 के क्रमशः गंगा दशहरा एवं निर्जला एकादशी के अवकाश के साथ ही दिनांक 08 एवं 15 जून, 2025 का साप्ताहिक अवकाश निरस्त किया जाता है।

उक्त के साथ ही कार्यालय ज्ञाप संख्या कु०स० 1215/2025, दिनांक 15 मई, 2025 द्वारा पूर्व निर्गत संशोधित कार्यालय ज्ञाप के माध्यम से दिनांक 01.06.2025 से 30.06.2025 तक घोषित ग्रीष्मावकाश **नैक पियर टीम** के दिनांक 16 से 20 जून, 2025 के मध्य आगमन के दृष्टिगत अब दिनांक 23.06.2025 से 15.07.2025 तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया जाता है। ग्रीष्मावकाश अवधि में परीक्षा सम्बन्धी कार्य एवं विशेष बैठकें आयोजित होने पर सम्बन्धित आचार्य उपस्थित रहेंगे। अवकाश अवधि में मुख्यालय से बाहर जाने पर कुलपति महोदय की पूर्व स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य है। यह ग्रीष्मावकाश विश्वविद्यालय में प्रभावी रहेगा, सम्बद्ध महाविद्यालयों में पूर्व घोषित ग्रीष्मावकाश (दिनांक 01.06.2025 से 30.06.2025 तक) प्रभावी होगा।

अतः विश्वविद्यालय में दिनांक 04.06.2025 से 20.06.2025 के मध्य पूर्व में स्वीकृत एवं आवेदित समस्त अवकाशों (चिकित्सकीय अवकाशों को छोड़कर) को निरस्त किया जाता है। निरस्त अवकाशों के सापेक्ष बाद में प्रतिकर अवकाश देय होगा।

इस पर कुलपति महोदय की स्वीकृति प्राप्त है।

03/6/2025

(राकेश कुमार)
आई०ए०एस०
कुलसचिव

प्रतिलिपिः- निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, कुलपति को कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष।
3. निदेशक अनुसंधान/प्रकाशन संस्थान।
4. समन्वयक, आई०क्यू०ए०सी०
5. समन्वयक, नैक।
6. पुस्तकालयाध्यक्ष।
7. परीक्षा नियंत्रक।
8. श्री मोहित मिश्र, सिस्टम एनालिस्ट को इस आशय से कि उक्त कार्यालय-ज्ञाप विश्वविद्यालय वेब-साइट पर अपलोड कराने के साथ ही समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को उनके लॉगिन आई०डी० पर प्रेषित कराना सुनिश्चित करायें।
9. समस्त सहायक कुलसचिव।
10. प्रबन्धक/प्राचार्य, को इस आशय से कि पूर्व घोषित ग्रीष्मावकाश (दिनांक 01.06.2025 से 30.06.2025) तक के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करायें।
11. आशुलिपिक, कुलसचिव/वित्त अधिकारी।
12. अधीक्षक प्रशासन/लेखा/परीक्षा।
13. जनसम्पर्क कार्यालय।
14. सम्पत्ति कार्यालय।
15. समस्त विभागानुभाग।
16. सम्बद्ध पत्रावली।

03/6/2025

(राकेश कुमार)
आई०ए०एस०
कुलसचिव